## एक नजर में

### सावन सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**पिपलियामण्डी।** सावन के पहले सोमवार को नगर के शिवालयों में भक्ति का माहौल रहा। रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बालाजी मंदिर परिसर स्थित वटकेश्वर



महादेव मंदिर में शिवलिंग को महाकाल की कलाकृति में सजाया गया। मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया। ढोल-ढमाकों के साथ विशेष आरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। देर रात तक मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर पुजारी मंगलदास बैरागी और प्रीति अग्रवाल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी सावन के हर सोमवार को विशेष सजावट और आयोजन होंगे।अग्रवाल मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भी शिवलिंग को गुलाब के फूलों से सजाया गया। विशेष अंगरचना की गई। आरती के बाद श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद दिया गया। नगर के अन्य शिवालयों में भी सावन सोमवार पर विशेष पूजन, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन देर रात तक चलते रहे।

### पुराने थाने के पास के आंगनवाड़ी भवन से चोर दरवाजे, ट्यूब लाइट, केबल व पंखे चुरा ले गए

**भानपुरा।** पुराने पुलिस थाना भवन कचहरी चौक के पास निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र से 14 एवं 15 जुलाई की दरमियानी रात्रि में शातिर चोरों ने




चोरी की घटना को अंजाम देते हुए आश्चर्यजनक ढंग से आंगनबाड़ी केंद्र के नवनिर्मित भवन में लगे नए 2 दरवाजे एवं 2 छत के पंखे, ट्यूब लाइटें, केबल आदि कई किमती सामानों को चोरी का निशाना बना लिया। आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण ठेकेदार जगदीश कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर भरत राठौर की ओर से सहयोगी ठेकेदार राहुल गर्ग ने पुलिस थाना भानपुरा में लिखित में शिकायत दर्ज करवा कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई कर आंगनबाड़ी केंद्र का कीमती सामान बरामद करने तथा चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### स्कूल के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी

**मंदसौर।** जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमलावद में डेंगू निरोधक माह जुलाई 2025 की स्कूल गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रीती गौड़ एवं श्री मलेरिया इंस्पेक्टर एम एल गौड़ ब्लॉक के द्वारा छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया के बचाव एवं रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर वंदन जैन एवं मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर के द्वारा डेंगू एवं मलेरिया के बचाव के बारे बच्चों को जानाकरी दी गई। छात्र-छात्राओं की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं छात्र-छात्राओं को गिफ्ट स्वरूप बोटल, बाल पेन प्रदान किया गया। एम एल गौड़ मलेरिया इंस्पेक्टर द्वारा बताया गया कि माह जुलाई 2025 डेंगू माह के रूप में मनाया जा रहा है इसका मुख्य उद्देश्य डेंगू रोग वाहक मच्छरों की उत्पत्ति पर रोक लगाना है और मच्छर को वयस्क होने से पहले लार्वा अवस्था में ही नष्ट करना है प्रति सप्ताह सूखा दिवस मनाएं समस्त जल पात्र- कूलर/ टायर /गमलेदन /मटके/ इत्यादि का पानी खाली करे.

## जैविक उत्पादों के विक्रय हेतु बनेगा केंद्र

▸ जैविक खेती करने वाले किसान अपनी जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र या मोबाइल न. 9406514993 पर प्रेषित करें



इससे किसानों को अपनी फसलों का उचित दाम भी मिलेगा। साथ ही फसलों के विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा भी नहीं होगी। किसानों से उपभोक्ता भी संपर्क में रहेंगे। जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 9406514993 या कृषि विज्ञान केन्?द्र सितामऊ फाटक मंदसौर पर संपर्क करें।

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग के विशेष प्रयासों से कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े उत्पाद उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर को मिले एवं जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को अपनी फसलों का उचित दाम सही समय पर मिले इसके लिए एक विशेष प्रयास किया जा रहे हैं।** जैविक एवं प्राकृतिक खेती के अंतर्गत गेहूं, चना, सरसों, तिल गाजर, फल, सब्जियां, हल्दी, इत्यादि अन्य सभी खाद्यान्न सामग्री को बेचने हेतु किसानो को एक प्लेटफार्म प्रदान किया जाएगा।

मंदसौर जिले के जो किसान भाई प्रमाणित जैविक एवं प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। वह अपना पुरा नाम, पता, कौन-कौन सी फसलें जैविक खेती कर रहे हैं, कि जानकारी मोबाईल नंबर 9406514993 पर मेसेज के माध्यम से साझा करें। या कृषि विज्ञान केंद्र मंदसौर में आकर भी दे सकते हैं। जैविक एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी एकत्रित करने का प्रमुख उद्देश्य है कि, जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की बिक्री की उचित व्यवस्था करना तथा उपभोक्ताओं तक सीधे पहुंच बनाना है।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर 24 जुलाई को चंबल कॉलोनी में होगा

**मंदसौर।** म. प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड मंदसौर अधीक्षण यंत्री द्वारा बताया गया कि म. प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के लिए गठित विद्युत उपभोक?ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा न?यायिक शिविर 24 जुलाई 2025 को दोपहर 3ः00 बजे से 5ः बजे तक श्रम कल्याण केन्द्र, चंबल कॉलोनी में आयोजित होगा। मंदसौर, मल्हारगढ, गरोठ एवं सीतामऊ संभागों के विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा लिखित परिवादों की सुनवाई फोरम सदस्यों की उपस्थिति में की जाएगी।उपभोक्ताओं के लिए शिकायत पंजीयन हेतु आवेदन पत्र कार्यालयों में निःशुल्क उपलब्ध हैं। शिकायतें 24 जुलाई शिविर स्थल पर भी स्वीकार की जाएगी.

### पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**पिपलियामण्डी।** श्री शक्ति लॉयन क्लब पिपलियामंडी ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय जेतपुरा में पौधारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण रहा।

क्लब अध्यक्ष अलका जैन, सचिव मधु जैन, कोषाध्यक्ष सुमन गर्ग, संरक्षक नीलिमा अग्रवाल मौजूद रहीं। कार्यकारिणी सदस्य ममता शर्मा, प्रियंका फरक्या, ज्योति जैन, अंगूरबाला पाटीदार, नेहा जैन, प्रियंका जैन सहित अन्य सदस्य भी शामिल हुए। सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। सभी ने संकल्प लिया कि पौधों की देखरेख भी करेंगे। कार्यक्रम में स्लोगन फ्पेड़ लगाओ, खुशियां पाओ। हरियाली लाओ, धरती बचाओफ् के जरिए जागरूकता फैलाई गई। क्लब की यह पहल पर्यावरण बचाने की दिशा में सराहनीय मानी गई।

### बैठक 23 जुलाई को होगी

**मंदसौर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत मंदसौर की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 23 जुलाई 2025 को समय दोपहर 1ः00 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी।



## सीईओ जिला पंचायत ने जनपद पंचायत सीतामऊ का औचक निरीक्षण किया

▸ 11 कर्मचारीयों की अनुपस्थिति पर एक दिन का वेतन काटने के दिए निर्देश

**मंदसौर। सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा जनपद पंचायत सीतामऊ कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत के कई शाखा प्रभारी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए।** जनपद पंचायत में %एक बगिया मां के नाम% समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सहायक यंत्री, सहायक लेखाधिकारी एवं उपयंत्री अनुपस्थित पाए गए। जनपद के शाखा प्रभारियों में धीरज सिंह, विजय उमठ एवं प्रमोद सोनी अनुपस्थित पाए गए तथा तकनीकी अमले में सहायक यंत्री अमित जमरे, सहायक लेखाधिकारी विपिन सोनी, उप यंत्रीगण मुकेश सैनी, सरफराज़ ख़ान, मोहित कारपेंटर, ओम प्रकाश सैनी, ऋषभ बाफना अनुपस्थित पाए गए।



### साधना महोत्सव में तप, त्याग और संयम की मिसाल

**पिपलियामण्डी। नगर में वर्षावास 2025 के अंतर्गत चल रहा आध्यात्मिक आत्म साधना महोत्सव श्रद्धा, संयम और तप का अनूठा उदाहरण बन गया है।** जैन दिवाकर स्वाध्याय भवन में सौभाग्य कुल दिवाकर प्रवर्तक राज प्रकाश मुनि मसा की सुशिष्या रमणीक कुंवर रंजन आदि ठाणा 4 की निश्रा में यह आयोजन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रहा है।

चंदनाश्रीजी मसा ने प्रवचन में कहा कि अहिंसा, संयम और तप मानव जीवन की अनमोल पूंजी हैं। इनके बिना जीवन अधूरा है। रमणीककुँवर मसा कहा कि मानव जीवन मिलना दुर्लभ है, इसका उपयोग
आत्म कल्याण में होना चाहिए। उन्होंने साधना के शिखर पुरुष मालव केसरी सौभाग्यमल मसा के जीवन से प्रेरक प्रसंग सुनाए। वहां उन्होंने उस परिवार को अब सोने के कंडे थेपो का आशीर्वाद दिया। आज भी वह परिवार समाज सेवा में सक्रिय है और उनकी गुड़ की दुकान श्रद्धा से संचालित हो रही है। यह गुरुवाणी की वचन सिद्धि का उदाहरण है।

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, पिपलियामंडी अध्यक्ष अजय कीमती ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक प्रवचन हो रहे हैं। दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक गुरु सौभाग्य स्मृति जाप चल रहा है। इस संपूर्ण आध्यात्मिक आयोजन का समापन 19 जुलाई, शनिवार को मालव केसरी सौभाग्यम महाराज साहब के 41 वें स्मृति दिवस पर सामयिक और सामूहिक एकासन दिवस के रूप में तप और त्याग के साथ मनाया जाएगा।

**एक नजर** | मुवाला माताजी मंदिर परिसर में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

## बंजर भूमि पर 1111 पौधे लगाकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**सीतामऊ। मुवाला श्री मुवाझर माताजी मंदिर परिसर में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद रतलाम विभाग के संगठन मंत्री एवं मुवाला मुवाझर सामाजिक एवं जनकल्याण सेवा समिति अध्यक्ष के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बंजर भूमि पर 1111 पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाने की पहल की गई।** इसके पश्चात पौधारोपण से पहले सभी वृक्षों की विधिपूर्वक पूजा व आरती की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग धर्म जागरण संयोजक श्यामदास बेरागी, जिला संयोजक अनिल धनगर, सामाजिक समरसता प्रमुख गणेश वर्मा, जिला मंत्री तूफान सिंह लदूना, एसबीआई बैंक प्रबंधक दिलीप धाकड़ सहित अन्य पदाधिकारियों ने पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया।समिति अध्यक्ष अर्जुन गहलोत ने बताया कि उन्होंने अब तक 43 हजार पौधे लगाए हैं और हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम 51 पौधे लगाकर उन्हें वृक्ष बनाना चाहिए। इस अवसर पर लदूना बैंक स्टाफ, नगरपालिका सीतामऊ, शासकीय महाविद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, वन विभाग सीतामऊ, ग्राम पंचायत मुवाला सहित 90 गांवों के पदाधिकारी, पत्रकार उपस्थित रहे।समिति के अनिल धनगर, उज्ज्वल घाटिया, सुनील पाटीदार, सुश्री वंदना सेन, डॉ. कैलाश द्विवेदी, अशोक गहलोत, कन्हैयालाल पाटीदार, सत्यनारायण पाटीदार, महिपाल सिंह, लक्ष्मीनारायण पटेल, बाबूलाल पाटीदार, विष्णु पाटीदार, जगदीश पाटीदार, रामनारायण पाटीदार आदि थे।

# नीमच

## एक नजर में

### शासकीय जमीनों के संरक्षण का अभियान




**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा शासकीय जमीनों के सरंक्षण एवं अवैध अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को ग्राम मान्यखेड़ी में शासकीय जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाकर, 30 लाख रुपए मूल्य की शासकीय जमीन का अवैध कब्जे से मुक्त करवाया हैं। एसडीएम श्री पवन बारिया ने बताया, कि तहसीलदार रामपुरा श्री मृगेन्द्र सिसोदया एवं राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से मंगलवार को ग्राम मान्याखेड़ी में जे.सी.बी. की सहायता से लगभग 0.50 हैक्टेयर शासकीय जमीन पर कुछ ग्रामीणों द्वारा मिट्टी डालकर, बाड़ा बनाकर, अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे हटा दिया गया हैं। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन का मूल्य लगभग 30 लाख रुपए है।

### अब तक 26117 मिट्रीक टन उर्वरक वितरित

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में खरीफ 2025 के लिए किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। उप संचालक कृषि श्री पी.एस.पटेल ने बताया, कि जिले में इस खरीफ सीजन के लिए अबतक 26117 मिट्रीक टन उर्वरक का उठाव हो चुका हैं।इसमें यूरिया 9360 मिट्रीक टन, डीएपी 4241 मिट्रीक टन, एमओपी 163.700, एनपीकेएस 4310.75एवं एसएसपी 8441 मिट्रीक टन उर्वरक का उठाव हो चुका हैं। उप संचालक कृषि नीमच श्री पटेल ने बताया, कि नीमच जिले में वर्तमान में 18 हजार 117 मिट्रीक टन से अधिक उर्वरक की उपलब्धता हैं। इसमें यूरिया 7146, डीएपी 1507, एमओपी 1015, एनपीकेएस 2661, मिट्रीक टन एवं एसएसपी 5787 मिट्रीक टन उर्वरक उपलब्ध है।

### संयुक्त संचालक मेहरा ने की नीमच में विभागीय समीक्षा



**नीमच।** मंगलवार को संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास उज्जैनराजेश मेहरा ने नीमच जिले में परियोजना अधिकारी एवं ब्लॉक समन्वयको की बैठक में विभागीय समीक्षा। बैठक में संयुक्त संचालक श्राजेश मेहरा ने एफ.आर.एस.,ई-केवाइसी,फेस मेंचिग,शारीरिक माप दिवस आयोजन, सह वास्तविक प्रविष्टि, सैम, मेम चिन्हांकन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना,मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना,पोषण पुनर्वास केंद्र, पंख अभियान तथा अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए । बैठक में कार्यक्रम अधिकारी म.बा.वि.सुश्री अंकिता पंड्या, परियोजना अधिकारी कविता चौहान, जिला समन्वयक नितेश दुबे,जिला परियोजना सहायक महेश कारपेंटर, अधीक्षक सुभाष गवई, प्रभारी परियोजना अधिकारी संजय मसानिया, आभा पाटीदार, दीपिका नामदेव, सपना बैरागी आदि थे।

## ''नशें से दूरी है जरूरी'' अभियान का शुभारंभ एवं रैली का आयोजन



**नीमच। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा आम नागरिकों में नशें के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रदेशव्यापी 15 दिवसीय विशेष अभियान ( 15.07.25 से 30.07.25 तक ) ''नशे से दूरी है जरूरी'' प्रदेश के समस्त जिलों में चलाया जा रहा है।** जिला नीमच में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के सभी पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों की बैठक ली जाकर अभियान के दौरान आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के संबंधी में जानकारी दी जाकर प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय पर भेजने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

जिला नीमच में दिनांक 16.07.2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया द्वारा शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल नीमच में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन कर विद्यालय के छात्र-छात्रों, शिक्षकों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताकर जागरूक किया गया एवं जीवन में नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई गई। ब्रम्हकुमारी संस्थान के दीदीयों के द्वारा स्कुली छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों एवं जीवन में कभी नशा न करने संबंधी जानकारी दी गई। रक्षित निरीक्षक विक्रमसिंह भदौरिया, सुबेदार सुरेश सिसौदिया मौजुद रहा। f 16.07.2025 को जिले के थाना नीमचसिटी में शासकीय पीजी कॉलेज नीमच, थाना बघाना में शासकीय मूलचंद चैधरी शासकीय हाईस्कुल बघाना, थाना जीरन में शासकीय बाउमावि जीरन, थाना जावद में सीएम राईज स्कुल जावद, थाना मनासा में पीजी कॉलेज मनासा, विद्यालय कंजार्डा, थाना कुकड़ेश्वर में बाउमावि कुकड़ेश्वर, थाना रामपुरा में महाविद्यालय रामपुरा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया जाकर नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई गई।

### प्रदेश के कोटवारों ने किया वर्दी और जूतों का बहिष्कार

**नीमच।** मध्यप्रदेश के कोटवारों ने शासन द्वारा प्रदत्त वर्दी व जूतों का बहिष्कार किया है, जिसके पीछे कारण यह है कि कोटवारों को प्रदान की जाने वाली वर्दी गुणवत्ता हीन है और जूते भी पीवीसी के है जिनकी क्वालिटी बिल्कुल हल्की है, यहां तक कि जो वर्दी दी जा रही है वह वर्दी कहि अधिक ढीली तो कही अधिक टाइट है जिसको लेकर बुधवार को आजाद कोटवार संघ के सदस्य कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और विरोध दर्ज कराते हुए वर्दी भी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत की ओर समस्या से अवगत कराया। कोटवार सोहन लाल ने बताया कि मध्य प्रदेश के ग्राम कोटवारों को शासन द्वारा वर्दी और जूते का पैसा पहले खातों में दिया जाता था अब वर्दी और जूते शासन द्वारा दिए जा रहे हैं ।

**स्थापना दिवस** | नीमच में स्वास्थ्य अमले को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निर्देश दिए

## दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान संबंधी प्रशिक्षण संपन्न




**नीमच। जिले में 22 जुलाई से आयोजित होने वाले दस्तक सह स्टाप डायरिया अभियान के सम्बन्ध में सी.एच.ओ.,ए.एन.एम., आशा, आंगनवाडी कर्मचारियों का प्रशिक्षण अनुविभागीय अधिकारी संजीव साहू की उपस्थिति में आयोजित किया गयाइस प्रशिक्षण मेंसाहू ने निर्देश दिए,** कि दस्तक अभियान में सभी कर्मचारी गंभीरता से कार्य करे, श्री साहू ने दस्तक अभियान के साथ ही स्वस्थ्य यकृत मिशन, एनिमिया मुक्त भारत, टी.बी. मुक्त भारत की गविविधियों का भी आयोजन भी करने के निर्देश दिए। दस्तक अभियान के दौरान गंभीर एनिमिया, न्यूमोनिया, डायरिया वाले बच्चों को भी तत्काल उच्च संस्था पर रैफर करने के निर्देश प्रशिक्षण में दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा.आर.के.खद्योत ने कर्मचारियों को निर्देशित किया, कि दस्तक अभियान नियत कार्ययोजना के अनुसार ही आयोजित किया जावे तथा बिना किसी पूर्व सूचना के कोई भी सत्र निरस्त ना करें।

जिला टीकाकरण अधिकारी डा.बी.एल.सिसोदिया ने बताया, कि दस्तक अभियान सह स्टाप डायरिया अभियान में 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बर्चा की सक्रिय पहचान, एवं शिशुओं का चिन्हांकन एवं रेफरल किया जावेगा ।

प्रशिक्षण में विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डा.विजय भारती, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री आरिफ खान, समस्त सेक्टर के मेडिकल आफिसर, श्री कपिल कुमार यति, तहसीलदार, सी.डी.पी.ओ., बी.ई.ई., बी.सी.एम. एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियनों की नपाध्यक्ष एवं सीएमओ के साथ बैठक, समाधान करने का आश्वासन

नवभारत न्यूज

**नीमच जिले में संचालित सफाई कर्मचारी ट्रेड यूनियनों की आज नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सभी ट्रेड यूनियनों एवं सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्षों से विस्तार से एक एक विषय पर चर्चा हुई जिसमे** नगर पालिका परिषद से सेवा निवृत्त स्थाई एवं अस्थाई सफाई कर्मचारी के स्थान पर शासन के आदेशानुसार परिवार के सदस्य को कार्य पर रखने की मांग पर तत्काल परिषद में प्रकरण स्वीकृति प्रदान करने हेतु रखा जायेगा स्थाई सफाई कर्मचारियों को खेत नंबर 25 बगीचा नम्बर 13 गांधी कॉलोनी के पास 11 सफाई कर्मचारियों को एवं अंबेडकर कॉलोनी एवं 9 एवं 10 वार्ड नंबर 18 अंबेडकर कॉलोनी स्थित महर्षि वाल्मीकि नगर में 119 स्थाई सफाई कर्मचारियों आवासीय भूखंड आवंटित करने की कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया है. आदि ऐसी कई महत्वपूर्ण मांगो पर अध्यक्ष एवं सी एम ओ ने समाधान का खुला आश्वासन दिया।




### विक्रम सीमेंट स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सम्मानित

**जावद। समीप विक्रम सीमेंट उद्योग द्वारा समय-समय पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सीसी सड़क निर्माण कार्य, शासकीय स्कूलों में पाठ्य सामग्री बेग,आदि वितरण किए जाने के साथ ही जनहित के कार्य किए जाते रहे हैं।** विक्रम सीमेंट वर्क्स खौर को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा टी.बी. मुक्त अभियान की सहभागिता के लिए प्रमाण -पत्र प्रदान कर सम्मानित किया अल्ट्राटेक विक्रम सीमेंट के द्वारा टी .बी. मुक्त अभियान मे पौष्टिक आहार कीट प्रदान कर अपना उत्तरदायित्व निभाया,अल्ट्राटेक विक्रम सीमेंट वर्क्स संस्था प्रमुख आवास मिश्रा के दिशा निर्देश अनुसार सी.एस. आर. विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डीकेन के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निवासरत 178 रोगियों को पौष्टिक आहार प्रदान किया।


### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम **सतीश कुमार वर्मा S/o चैन राम वर्मा** है। मेरे पुत्र **धैर्य वर्मा** की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की जारी अंक सूची **क्रमांक 2099471 रजि. नं. L125/50079/0059** में पिता का नाम **SATISH VERMA** लिखा हुआ है जबकि वास्तविक नाम **SATISH KUMAR VERMA** दर्ज करवाना चाहते हैं।

**पता**-सिद्धचक्र विहार कॉलोनी, मंदसौर-458 001